दहेज के बारे में रोज चर्चा होती है। मैं यह नहीं कहती हूं कि यह सामाजिक बुराई समाप्त नहीं होती है तो इसके लिए कानून न बनाया जाय। कानून जरूर बनाया जाय। अगर कानून कारगर नहीं हो रहा है तो उस में आवश्यक संशोधन लाने और उसे कारगर बनाने की भी जरूरत है। लेकिन मैं प्रमिला जी से जानना चाहती हूं कि क्या संसद के गेट पर प्रदर्शन करके और इसका प्रचार और प्रसार करके दहेज को सारे देश में बन्द कर सकती हैं ? मैं उनसे जानना चाहती हूं कि जहां-जहां जिस-जिस प्रान्त में भी दहेज की प्रथा है या जहां इस तरह से अधिक संख्या में बलात्कार की घटनाएं होती हैं, जहां धर्म के नाम पर या धर्म के रास्ते पर ले जाकर महिलाओं को वेश्या बनाया जाता है वहां क्या वह इस समस्या को सुलझा सकी हैं ? मैं जानना चाहती हूं कि कितनी ऐसी लड़कियों या महिलाओं को गलत रास्ते पर जाने से वह रोक सकी हैं ? चाइल्ड मैरिज ऐक्ट 1929 से ही प्रारम्भ हुआ है लेकिन आज भी राजस्थान के अन्दर हजारों की संख्या में छोटी-छोटी लड़कियों की शादी होती है और सामूहिक रूप से शादी होती है। तो किन-किन के घरों में जाकर सरकार सजा देगी ? आज मां यह कहती है कि बहू जितना दहेज लाती है उसी के मापदण्ड से परिवार में उसका दर्जा निर्धारित होता है। मेरा यह कहना है कि चाइल्ड मैरिज ऐक्ट 1929 से चल रहा है और हिन्दू मैरिज ऐक्ट 1955 में बना, उसमें भी यह कहा गया कि लड़की की उम्र शादी के समय 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये, लेकिन क्या आज समाज में इसके अनुसार काम हो रहा है ? मैं तो कहती हूं कि इसमें बड़े-बड़े समाज-सुधारक और राजनैतिक नेताओं का हाथ रहता है। इसके लिए पुरुष प्रधान समाज दोषी हो सकता है। यह कहना कि सारी बातों के लिए और जितनी भी सामाजिक कुरीतियां हैं इनके लिए सरकार ही जिम्मेदार है, मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं।

दण्ड विधि संशोधन विधेयक की संयुक्त समिति ने काफी अनुशंसाएं भी की हैं, मेरा यह कहना है कि उनको भी ऐक्ट का रूप दिया जाय। इसमें यह दिया है—

"The Joint Committee have also made general recommendations on certain matters, namely.....(e) special provision for association of social welfare officers during investigation and in proceedings."

मेरे विचार से ऐक्ट में यह प्राविजन होना चाहिए। कुछ दिन पहले टाइम्स आफ इंडिया में आपने देखा होगा, मेरे पास कटिंग भी है :

No mention of mass rape in juedges 'roport'

तो किसको हम इसमें अलग कर सकते हैं ? समाज का कौन सा वर्ग इससे अलग है ? संसद की बात करें या कोर्ट-कचहरियों की बात करें, इसमें लिखा है :

"Complaints of mass rape of Harijan women, including a 14 year old girl by a gang of 10 dacoits in Bapu Bigha village of Nalanda district on June 10 this year, were made to the Additional District and Sessions Judge, Biharsharief who conducted an inquiry."

[श्रीमती कृष्णा साही]

ये कहते हैं :

"According to the petion, the dacoits on a looting spree, raped every able bodied and mercilessly beat up the men-folk and children on the fateful day."

मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि ऐक्ट में इसका भी प्राविजन किया जाय ।

इसके अलावा जो इसमें लिखा है :

"Rebutting the presumption is shifted on the accused in cases of offences covered under clauses (a), (b) and (c).

पहले ऐसा था कि उसको साबित करना कठिन होता था लेकिन अब ऐसा किया जा रहा है कि केवल कथन से ही मान लिया जायेगा परन्तु मेरे विचार से इसमें भी कुछ लूपहोल हो जायेगा और उस पर भी हमें ध्यान देने की जरूरत है। कहीं ऐसा न हो कि आज के युग में प्रतिशोध की भावना से करैक्टर असैसिनेशन ही शुरू हो जाए, इस लिए इसको भी हमें ध्यान में रखना होगा। किसी महिला को हथकण्डा बनाकर राजनीति साधी जाने लगे—ऐसा भी नहीं होने देना चाहिए ।

एक बात मैं भूल गई थी । (ए) में भी है :

"Provision for right of private defence to a woman on molestation."

यह बड़ा गम्भीर विषय है और मेरा निवेदन है कि इसको भी ऐक्ट में शामिल किया जाए । मैं इस सदन के सामने यह भी अनुरोध करना चाहती हूं कि आज राजस्थान तथा दूसरे प्रान्तों में जो छोटी-छोटी बच्चियों की शादियां होती हैं बेरोक-टोक तब इस कानून का क्या अर्थ रह जाता है ? जब तक कि यह कानून गांव-गांव में न पहुंचे, आम महिलायें अपने अधिकारों के बारे में न जान सकें तब तक इस कानून को हम किस प्रकार से कारगर बना सकते हैं ? मैं समझती हूं जब तक समाज में जागृति नहीं बढ़ती है तब तक ये कारगर नहीं हो सकेंगे । डागा साहब और अमल दत्त साहब जब तक कि कुछ छोटी-छोटी विधवाओं को लाकर उनकी शादियां नहीं करा देते हैं, तब तक उनके भाषणों का कोई प्रभाव नहीं होने वाला है । सरकार जो है वह तो हम सभी मिलकर बनाते हैं लेकिन जिस दिन हम सभी मुस्तैद हो जायेंगे कि समाज से इन कुरीतियों को मिटाना है तो उसमें सफलता मिल सकेगी वरना राम मोहन राय और शारदा से लेकर दयानन्द सरस्वती और आधुनिक युग में महात्मा गांधी, पं० जवाहरलाल नेहरू और विनोबा भावे सभी इस सम्बन्ध में प्रयत्न करते रहे हैं ।

लेकिन फिर भी आज हम वहीं हैं । क्यों हमें पिछली श्रेणी में रखा जाता है? आज क्यों हम विचार कर रहे हैं कि महिलाओं के उद्धार की जरूरत है ? कौन-सा ऐसा क्षेत्र है, चाहे साहित्यिक हो, राजनीतिक क्षेत्र हो या प्रशासन का क्षेत्र हो, जहां हम समकक्ष नहीं हैं । यदि कहीं-कहीं पर समकक्ष नहीं हैं तो कहीं तो हम आगे भी हैं फिर भी आज यह सोचने के लिए बाध्य होना पड़ता है । मैं आप से पूछना चाहती हूं कि क्या महिला इस काबिल नहीं है कि वह अपनी सुरक्षा खुद कर सके ? अब ऐसी स्थिति नहीं है कि हम दूसरों से सुरक्षा की अपेक्षा करें । यह सचमुच में बहुत गम्भीर विषय है, और महिलाओं में भी हमें इस बारे में जागृति पैदा करनी चाहिए । यदि एक पुरुष साक्षर होता है, तो वह अपने लिए साक्षर होता है, लेकिन

अगर एक मां साक्षर होती है, तो बच्चे साक्षर होते हैं, परिवार साक्षर होता है और समाज साक्षर होता है और तभी हम देश का निर्माण कर सकेंगे।

इन्हीं चन्द शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने बोलने के लिए इतना समय दिया।

श्रीमती प्रमिला दंडवते (बम्बई उत्तर मध्य) : सभापति महोदय, 2 नवम्बर, 1982 को करीब एक साल पहले क्रिमिनल ला एमेंडमेंट से सम्बन्धित लोकसभा में रिपोर्ट पेश की गई थी। 1980 में पहले वाला बिल पेश किया गया और फिर ज्वाइंट कमेटी बनी और उसने अपनी रिपोर्ट दी। इस बिल को इसलिए लाया गया है क्योंकि मथुरा केस के जजमेंट के खिलाफ बहुत बड़ा आन्दोलन किया गया था। उस पर सरकार ने कहा कि क्रिमिनल प्रोसीजर एक्ट, एवीडेंस एक्ट और इंडीयन पीनल कोड में तबदीली करना चाहिए। 84वीं रिपोर्ट लॉ कमीशन को पेश होने पर 1980 में इसको यहां पेश किया गया। अब ज्वाइंट कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद हम इस बिल पर बहस कर रहे हैं। पिछले एक साल से बराबर महिला संगठन की बहनों द्वारा मांग की जाती रही है कि इस बिल को जल्दी पेश किया जाना चाहिए। शायद आपको पता होगा कि इस सदन में मैंने एक बार सवाल पूछा था कि क्या हिन्दुस्तान में दो मिलियन वीमैन के साथ हर साल बलात्कार किया जाता है ?···कहा गया है कि यह बात गलत है। मैंने पूछा—बता दीजिए कि कितना होता है ? इस पर तुरन्त जवाब नहीं दिया जा सका। बाद में जवाब दिया गया कि करीब-करीब हर साल पांच हजार बलात्कार पुलिस के पास दर्ज किए जाते हैं। पुलिस के रिसर्च और डेवलपमेंट ब्यूरो का कहना है कि भारत में हर दो घण्टे में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है। यह कितने शर्म की बात है··· (**व्यवधान**)··· मध्य प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने एक बार मध्य प्रदेश में कहा था कि मध्य प्रदेश में हर साढ़े आठ घण्टे में एक स्त्री पर बलात्कार होता है, हर साढ़े बारह घण्टे में एक स्त्री आत्महत्या करती है और हर तीसरे दिन एक स्त्री को पारिवारिक संघर्ष के लिए मारा जाता है। यह चीफ मिनिस्टर द्वारा विधान सभा में दिया गया बयान है। इसी प्रकार कर्नाटक के चीफ मिनिस्टर द्वारा कहा गया है कि कर्नाटक में हर साढ़े चौदह घण्टे में एक स्त्री पर बलात्कार होता है।

उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों के मुकाबले इतने ज्यादा नहीं हैं। मैं यह बात इसलिए कह रही हूं कि यह बहुत ही भयानक चीज है। ये जो बलात्कार के केस देश में हो रहे हैं, उसका एक परिणाम यह हो रहा है कि लोग अपनी छोटी-छोटी लड़कियों की शादी बहुत जल्दी कर देते हैं। मैंने लोगों से बातचीत की कि देश में शारदा कानून लागू है, आप अपनी लड़कियों की शादी छोटी उम्र में क्यों कर देते हैं ? उन्होंने मुझे बतलाया—हमारी लड़की जवान हो जायगी, बाहर निकलेगी तो डर रहता है कि कहीं बलात्कार न हो जाय। इसलिए हम जल्दी शादी कर देते हैं। हमारे देश के लिए यह कितनी शर्मनाक बात है।

डागा जी ने देवदासी प्रथा का जिक्र किया था, मैं इस समय उसमें नहीं जाना चाहती हूं, इस समय तो यही एक सवाल हमारे सामने है कि जो बलात्कार की घटनायें होती हैं उनमें किस तरह से कानूनी तौर पर स्त्री को इंसाफ मिले। आपको मालूम है—मथुरा के केस में उस स्त्री को सही इन्साफ नहीं मिला। मैं इस समय जजमेंट के बारे में कमेन्ट नहीं करना चाहती हूं, लेकिन उसी केस के आधार पर हम महिलाओं ने इस

[श्रीमती प्रमिला दण्डवते]

सवाल को देश के सामने उठाया। बलात्कार हमारे समाज में बहुत सालों से होता आया है। जब माया त्यागी का केश हुआ था उस समय भी हम लोगों ने इस सबाल को उठाया था और यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि उस समय के मन्त्री ने इस सदन में यह कहा था कि महाभारत के समय से महिलाओं पर अत्याचार होते रहे हैं, आज भी होते हैं और आगे भी होंगे। लेकिन इसके लिए स्त्री को सजा नहीं होनी चाहिये। हमारे समाज में मौरैलिटी का डबल-स्टैण्डर्ड है--जो बलात्कार करता है उसको सजा नहीं होती है, वह छूट जाता है, लेकिन जिस स्त्री के साथ बलात्कार होता है वह जिन्दगी भर रोती है—आखिर उसका क्या कुसूर था ? हमारे यहां कहा जाता है—स्त्री काँच का बरतन है और पुरुष धातु का बरतन है। कांच का बरतन फूट गया तो फूट गया, लेकिन धातु का बरतन धो-पोंछकर इस्तेमाल के लिए तैयार रहता है। इसलिए जब भी किसी स्त्री के साथ बलात्कार होता है, उसकी मर्जी के खिलाफ किसी पुरुष से सम्बन्ध हो जाता है तो उसकी जिन्दगी मौत होती है। आज के कानून में अगर कोई किसी का खून कर देता है तो उसके लिए मौत की सजा है लेकिन जिस स्त्री के साथ बलात्कार होता है, उसकी जिन्दगी मौत बन जाती है, उसका परिवार ध्वस्त हो जाता है, उसके लिए जो सजा कानून में रखी गई है वह काफी नहीं है, 7 साल से 10 साल की सजा मेरी दृष्टि में काफी नहीं है।

मैं फिर मथुरा केस की तरफ आपका ध्यान खींचना चाहती हूं। इस बिल में मेरा विरोध सैक्शन 2 से है जिसमें आपने सैक्शन 228 को अमेण्ड किया है। इस अमेण्डमैन्ट से आप विकटिम को सुरक्षा देना चाहते हैं या एक्यूज्ड को सुरक्षा देना चाहते हैं ? आपका यह अमेण्डमेण्ड बिहार प्रेस बिल जैसा है, उसको तो जगन्नाथ मिश्रा ने बाद में वापस ले लिया था, लेकिन आपके इस अमेण्डमेन्ट से उस विकटिम को क्या लाभ होगा ? जहां पर पुलिस ने इन्वेस्टीगेशन ठीक तरह से नहीं किया है वहां पर आपने उस केस की प्रसिद्धि को रोककर एक्यूज्ड और पुलिस वलैंकेट छूट दे दी है। ऐसे केस में यदि खबर अखबार में नहीं आयेगी तो उसको वह लाभ नहीं मिल सकेगा जो उसको मिलना चाहिये था। हमारी माँग यह है कि जहां वह चाहती है वहां उस को अखबार में जाने दिया जाय। कभी-कभी ऐसा होता है—लड़की या उसके मां-बाप नहीं चाहते कि वह अखबार में जाय, लेकिन ऐसे केस में जहां पुलिस ने ठीक काम नहीं किया है उस हालत में यदि केस की सूचना अखबार में जायगी तो उससे जनमत तैयार करने और दबाव डालने में मदद मिल सकती हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि आप इसमें तबदीली कीजिए। मैंने इस सम्बन्ध में अपना अमेण्डमेंट दिया है, उसको मैं बाद में पेश करूंगी, लेकिन हमारी यह मांग है कि आप उस अमेंडमेंट को जरूर स्वीकार करें।

दूसरी बात—आपने इसमें रैप के बारे में अलग-अलग प्रकार के रैप की डेफीनेशन दी है कि उसके बारे में मुझे यह कहना है कि जहां स्त्री अपने पति के साथ नहीं रहती है, सैप्रेट रहती है, दूसरी जगह रहती है, उसके बारे में जो आपने डिलीट किया है, जैसे—

Explanation 2 of Clause 228 of the old Bill :

"A woman living separately from her husband under a decre of judicial separation shall be deemed not to be his wife for the purpose of this section."

यह जो डिलीट किया है, यह मत कीजिए

और जो औरीजनल एक्ट में है, वह रहना चाहिए। स्त्री अपने पति से दूर रहना चाहती है और उसके साथ नहीं रहना चाहती है। इसलिए उसकी पत्नी समझकर उसके साथ बलात्कार करने का उसको अधिकार नहीं है। मैं तो यहां तक कहूंगी कि वेश्याओं पर भी बलात्कार करने का अधिकार किसी पुरुष को नहीं है। इसलिए मेरा ऐसा कहना है कि आगे चलकर स्त्री के पूर्व चरित्र को आपको नहीं देखना चाहिए। हैदराबाद में रमीजा बी का जो केस हुआ था उसमें पुलिस ने यही कहा था कि वह वेश्या है। जब इन्वेस्टीगेशन चला, तो यही कहा गया कि वह वेश्या है। अब इसका मतलब यह है क्या वेश्या होने के कारण उस पर बलात्कार करने का सबको परवाना मिल गया है ? यह ठीक नहीं है। इस तरह से समाज में कीचड़ उछालने का काम चलता है। इसलिए मेरा कहना यह है कि पूर्व चरित्र को ध्यान में रखने का काम नहीं होना चाहिए और इसके लिए भी आपको इस बिल में व्यवस्था करनी चाहिए। वह नहीं है और इसके बारे में आप जरूर सोचिये।

कस्टोडियन रेप के बारे में आपने मंजूर किया है कि **दि ओनस आफ प्रूविंग दि आफेंस शुड वी आन दि एक्यूज्ड**। यह जो हमारी मांग थी, यह आपने आम तौर पर कस्टोडियन रेप के बारे में मंजूर की है। अगर कोर्ट में जाकर वह कहती है कि मेरे साथ रेप हुआ है, तो आप उसको मंजूर करेंगे और वह रेप है। इस सम्बन्ध में मैं आपका ध्यान सुप्रीम कोर्ट का जो जजमेंट है, उसकी तरफ दिलाना चाहती हूं। ठाकुर साहब ने कहा है कि ऐसे केस में कोरोबोरेटिंग एवीडेंस की जरूरत नहीं है। 15 साल की एक छोटी लड़की के साथ बलात्कार हुआ था, उसके बारे में उन्होंने कहा है और मुझे लगता है कि आपको इसके बारे में सोचना चाहिए।

यहीं पर एक बात यह भी कहना चाहती हूं कि जब हमारी महिलाओं ने यह मांग रखी थी कि **'दि ओनस आफ प्रूविंग दि आफन्स शुड वी आन दी एक्यूज्ड,'** तो सारा पुरुष वर्ग बहुत घबड़ा गया था और उन्हें लग रहा था कि अगर ऐसा हो जाएगा और कोई स्त्री खड़ी होकर कोर्ट में कह देगी कि मेरे साथ बलात्कार हुआ है, तो उसको सिद्ध करने की जिम्मेवारी पुरुष की रहेगी और यह उन पर एक बहुत बड़ा खतरा है। आज तक किसी ने यह नहीं सोचा कि जो स्त्री बिल्कुल निरापराधी है, उसकी जिन्दगी कितनी बरबाद हुई है और ऐसी कितनी ही बहनों की जिन्दगी बरबाद हुई क्योंकि यह कानून ऐसा बना हुआ है जिसमें जिसपर बलात्कार होता है, उसे ही आगे चलकर सिद्ध करने की जिम्मेवारी है कि वह बलात्कार था और संभोग नहीं था। मुझे लगता है कि एक बहुत शर्मनाक बात है क्योंकि कोर्ट में खड़े होकर इस प्रकार से सवाल पूछे जाते हैं कि उनको सिद्ध करना पड़ता है कि इसके साथ बलात्कार हुआ है। मथुरा के केस में ऐसा ही हुआ था। यह कहा गया कि उसके शरीर पर कुछ नहीं था और आवाज भी नहीं आई। मैं आपको ऐसे कितने ही केस बता सकती हूं कि लड़की या स्त्री के हाथ-पैर बांध दिये और बहुत सारे लोगों ने, बड़े-बड़े लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। ऐसे केस में बहुत से लोग बलात्कार कर सकते हैं और उसके शरीर पर कुछ नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं, बलात्कार होने के बाद, पुलिस थाने से उसको तुरन्त डाक्टरी जांच के लिए नहीं भेजा जाता है। एक बात यह भी है कि लड़की इसके बारे में कुछ नहीं बोलती और मां-बाप भी सोचते हैं कि यह एक बहुत शर्मनाक बात है। इसलिए वे इसके बारे में किसी को नहीं बताते। दूसरे यह कि वह स्नान वगैरह करके जाती है और फिर कहीं भी

[श्रीमती प्रमिला दण्डवते]

इस बात का पता नहीं चलेगा और न इसका सबूत मिलेगा कि बलात्कार हुआ है । इस सम्बन्ध में मैं तो यह भी कहूंगी कि पुरुष का भी मैडीकल एग्जामिनेशन होना चाहिए । मुझे पता नहीं है कि इस में कोई साइंटीफिक बात है । मेरा कहना यही है कि महिला का मैडीकल एग्जामिनेशन जो है, वह तुरन्त होना चाहिए और यह जो बात है, उसके लिए मुझे लगता है कि हमको समाज में एक हवा बनानी चाहिए । जिस स्त्री पर बलात्कार होता है, वह आगे चलकर शिकायत करने के लिए तैयार हो जाए, ऐसी व्यवस्था हम करें परन्तु हम देखते हैं कि जिस स्त्री पर बलात्कार होता है, वह पतिता समझी जाती है और जिस घर में वह पैदा हुई है और जिस पति की वह पत्नी है, वह बरबाद हो जाता है । इसलिए कोई भी शिकायत करने के लिए आगे नहीं आता ।

मैं आपको बम्बई शहर के दो केस बताना चाहती हूं । बम्बई शहर में अभी एक केस हुआ था । उसमें क्रिश्चियन समाज की दो लड़कियां चर्च जा रही थीं । रास्ते में एक टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें उठा लिया और टैक्सी में बैठा लिया । उनमें से एक लड़की टैक्सी से कूद पड़ी लेकिन दूसरी लड़की के साथ बलात्कार करके टैक्सी ड्राइवर ने उसे कहीं दूर छोड़ दिया । लड़की घर पर जाती है और सारी बात बताती है । वह वहां पर बहुत ज्यादा रोई और उसको मैन्टल ट्रोमा हो गया लेकिन उसके मां-बाप ने कहा कि तुम यह न समझो कि तुम्हारे साथ कुछ हो गया है । अगर तुम्हारे पैर टूट जाते या तुम्हारी उंगली टूट जाती, उसी प्रकार से समझ लो कि यह हो गया है और यह कहा गया कि इसको आगे बढ़ाएंगे और जिस ड्राइवर ने ऐसा किया है, उसको सजा दिलवाएंगे ।

उसी इलाके में एक दूसरा अपराध हुआ । जिसकी लड़की के साथ बलात्कार हुआ था उनके बारे में हमारे समाजवादी महिला संगठन को पता चला । जब हमने उनको शिकायत करने के बारे में कहा तो वे लोग तैयार नहीं हुए । हमने कहा कि आज इसके साथ हुआ है कल दूसरी लड़की के साथ बलात्कार होगा, इसके बावजूद वे लोग तैयार नहीं हुए । इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि हमको समाज में ऐसी हवा तैयार करने की आवश्यकता है । निरपराध स्त्री के बलात्कार होता है उसकी पूरी जिन्दगी बरबाद नहीं होती बल्कि जिस तरह से और एक्सीडेंट हो जाते हैं इसी तरह से इसको भी एक एक्सीडेंट माना जाना चाहिए । इस तरह से समाज को हमें बदलना होगा, समाज का रवैया बदलना होगा ।

दूसरी चीज समाज का स्त्री की तरफ देखने का नजरिया बदलना होगा । आज अखबारों में और मैंगजीन्स में किस तरह के एडवरटीज़मेंट्स आते हैं । अभी भगत साहब यहां पर बैठे हैं, मैं उनको धन्यवाद देती हूं कि हमने जो डेमांस्ट्रेशन किया था उसमें उन्होंने कुछ कार्यवाही की है । कई अखबार और मैंगजीन्स ऐसे हैं । डेबनॉर के अन्दर 2-3 पेजेज ऐसे होते हैं जिनमें महिलाओं की नंगी तस्वीर होती है । उसको विकृत मन के लोग खरीदते और देखते हैं जो उन तस्वीरों को देखकर खुश होते हैं । ब्लिट्स और करंट के आखिरी पेज में लड़कियों के अश्लील चित्र दिखाए जाते हैं और उनके नीचे अश्लील शब्द लिखे जाते हैं । इस तरह के दो पेपर्स और मैंगजीन्स चल रहे हैं उस पर भी भगत साहब को कार्यवाही करनी चाहिए । बलात्कारों के बढ़ने में इन चीजों का भी योगदान है ।

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मन्त्री तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : आपके कहने पर कार्यवाही की गई थी।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : इसके लिए मैंने आपको धन्यवाद दिया है। जब हमने किसी सिनेमा के सामने डेमास्ट्रेशन किया तो आपने कार्यवाही की इसके लिए हमने आपको धन्यवाद दिया है। इस तरह के जो अखवार और मैगजीन्स हैं उनके खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए।

श्री एच०के० एल० भगत : मुख्यमंत्रियों को भी कहा जाना चाहिए।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : हमारा पूरा सहयोग रहेगा। दो-तीन बातें और इस संबंध में कहना चाहती हूं। रेप की जो डेफीनेशन आपने दी है—Under economic dominationo : वह आपने नहीं दिया है। कोई नौकरी के लिए रेप करने वाले हैं, प्रमोशन के लिए करने वाले हैं। अगर किसी के हाथ में अधिकार है तो उस अधिकार का इस्तेमाल करने वाले लोग हैं। इसलिए हमने कहा है कि इकनामिक डामीनेशन के लिए इस प्रकार का रेप होता है तो उसका भी अन्तरभाव इसमें होना चाहिए। जैसे कैस्टोडियल रेप में सजा रखी है इसी प्रकार इकनामिक डामिनेंस के लिए सजा देने का प्रावधान होना चाहिए।

एक चीज की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। रेप सिर्फ औरतों पर ही नहीं होता लड़कों पर भी होता है। अभी तिहाड़ जेल का मामला लोगों के सामने आया। बंबई की स्थिति मैं जानती हूं। वहां स्टेशन पर गरीब लोगों के बच्चे, लड़के घूमते हैं, उनका इस्तेमाल कई लोग करते हैं। उनके सेक्सुअल सेटिशफेक्शन के लिए उनका उपयोग किया जाता है। इसलिए लड़कों पर जो बलात्कार होता है उसकी व्याख्या भी इसमें की जानी चाहिए। इस बारे में जेलों और अन्य जगहों के बारे में कई सालों से अखबारों में पढ़ने को मिलता है। जेलों में जो लड़के जाते हैं उनके साथ वहां पर उम्रकैदी इस तरह का काम करते हैं। इसलिए इसमें अमेंडमेंट लाकर इसको खुडोमी या इस प्रकार का रेप कहिए, इसकी व्याख्या और डेफीनेशन देने की जरूरत है।

अन्त में मेरी प्रार्थना है कि जो अमेंडमेंट्स मैंने दिए हैं, उनको मैं पढ़ना नहीं चाहती, 228 (ए) जैसा है वैसा आप मत रखिए। जिस प्रकार का हमने संशोधन दिया है, उस पर विचार कीजिए।

उसके लिए जो वर्लेकिट बैन हो जाता है उसको आप वापिस उठा लें। मैं चाहती हूं कि इस पर गहराई से सोचें।

माया त्यागी के साथ जो घटना घटी थी उस सवाल को यहां पर उठाया गया था। उस घटना के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए हैं। माया त्यागी का मामला लेकर मैं खुद प्रधान मन्त्री जी के पास गई थी। हमारी मांग इतनी ही थी कि जिस पुलिस के कर्मचारी ने इस प्रकार का कांड किया है, काम किया है उसको सजा दी जाए, उसको ससपेंड किया जाए उसको डिसमिस किया जाए। वह नहीं किया गया। अगर वैसा किया जाता तो पुलिस में डर पैदा होता। अपने अधिकारों का पुलिस गलत इस्तेमाल करती है। जो भी दोषी पाया जाए पुलिस कर्मी इस कृत्य में उसको कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। क्रिमिनल जो यूनिफार्म में होता है या जो दूसरा क्रिमिनल हो जाता है उसको लगता है कि उसको पौलिटिकल पैट्रनेज मिल जाएगा,

[श्रीमती प्रमिला दण्डवते]

हम पौलिटकल पार्टी के साथ जाएंगे तो कुछ भी काम हम कर सकते हैं। यह हवा बन रही है। गलत है या सही मैं नहीं कह सकती हूं। हो सकता है कि गलत हवा उड़ रही हो। माया त्यागी के कांड के दोषी कर्मचारी को अगर तुरन्त सजा हो जाती तो उसके बाद जो कांड देश में घटे हैं वे शायद न घटते।

इस बिल को यहां आप लाए हैं, इसके लिए आप धन्यवाद के पात्र हैं। मैं आशा करती हूं कि इसी सैशन में आप इसको मंजूर भी करवायेंगे। जो कुछ संशोधनों में हमने सुझाव दिए हैं, उन पर आप गहराई से सोचें। एक सुझाव मैं और देना चाहती हूं। हम चाहते हैं कि विमेंज़ आर्गेनाइजेशन की विजिलेंस कमेटीज़ आप बनाएं to prevent crime and to investigate into the matter

हम महिलाओं को अधिकार चाहिए कि अगर पुलिस काम नहीं करती है, तो हमारा इनवैस्टीगेशन में दखल हो। यह सुझाव डावरी कमिशन का भी है। स्पेशल कोर्ट्स की डिमांड भी हमने की है। लेकिन खास डिमांड यह है कि हर पुलिस स्टेशन के पास विजीलेंस कमेटी होनी चाहिए जिसमें महिलाओं को ज्यादा स्थान मिले। अगर यह करेंगे तो women's organizations can help Government which, I hope, is serious about preventing crimes against women.

इससे हवा बनेगी और उसके अच्छे नतीजे निकलेंगे।

श्री राम सिंह यादव (अलवर): गृह मंत्री जी को मैं धन्यवाद देता हूं कि क्रिमिनल ला एमेंडमेंट विल 1980 को उन्होंने सदन में प्रस्तुत किया है। इस विधेयक की पृष्ठभूमि में न जाते हुए जैसे और वक्ताओं ने भारतीय नारी के सम्बन्ध में कहा है और अपनी चिन्ता व्यक्त की है मैं भी अपनी चिन्ता व्यक्त करना चाहता हूं। वास्तव में बहुत बड़ा ह्रास समय के साथ हुआ है। भारतीय नारी अपने आप में एक स्तुत्य व्यक्तित्त्व है, एक प्रसंशनीय व्यक्तित्व है। हमारे ग्रन्थों में कहा है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते मत्र देवता:।' यह हमारा आदर्श रहा है। इनको देखते हुए हमें गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि आज किस गति से नारी के प्रति अत्याचारों में, अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है, उसके प्रमुख कारण क्या हैं ? जहां एक ओर सामाजिक मूल्यों में ह्रास हुआ है वहां कुछ आर्थिक विषमताएं भी हैं, आर्थिक परिस्थितियां भी हैं जिनके कारण इन अपराधों में वृद्धि हुई है। यह अपने आपमें एक चिन्ता का विषय है। हमारी सरकार ने पुलिस कमीशन बिठाया था। उसने भी यही कहा था कि इन अपराधों में बहुत ज्यादा वृद्धि होती जा रही है। नारी के प्रति हो रहे अपराधों के बारे में सारे राष्ट्र को संवेदनशील होकर गम्भीर रूप से उसका चिन्तन करना चाहिए।

At page 18 of the the report of the National Police Commission it is said :

> "Women largely because they have come out of their homes to study and to work, are now more exposed to dangers in society and exploitation by the unscrupulous, and they also now and then become victims of misconduct by the policemen. All these require a definite response from the criminal justice system, including the police. The traditional police organization is not structured to deal with women, be they victims or perpetrators of crime."

पुलिस कमीशन ने बड़ी चिन्ता जाहिर की है कि नारियों के प्रति अपराध बढ़ते जा रहे

हैं और उनमें पुलिस का बहुत बड़ा हाथ है और वे अपराध पुलिस के माध्यम से होते हैं। उसने यह भी कहा है कि इन अपराधों को रोकने के लिए पुलिस स्ट्रक्चर में व्यापक पैमाने पर आमूल-चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। अगर पुलिस की संस्था में आवश्यक सुधार नहीं किए जायेंगे, सामाजिक मूल्यों को नहीं बदला जाएगा और आर्थिक विषमताओं को दूर करने का प्रयत्न नहीं किया जाएगा, तो हमें इन अपराधों को रोकने में सफलता नहीं मिलेगी। नारियों के प्रति अपराधों का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि हम नारी को कमजोर अबला समझते हैं और उसको ऐग्रेसर की भावना से देखते हैं। हमें इस मनोवृत्ति को बदलने का प्रयत्न करना होगा।

इन अपराधों के लिए न्यूजपेपर, फिल्में और कम्युनिकेशन के दूसरे माध्यम भी जिम्मेदार हैं। विजिनेस और औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा अपने उत्पादनों के विज्ञापन में, चाहे वह कपड़ा हो या टी०वी० नारी को मॉडल के रूप में पेश किया जाता है। जहाँ नारी को देवी के रूप में स्वीकार किया जाता है, अगर वही काम-लिप्सा को बढ़ाने के लिए, काम-भावना को उत्तेजित करने के लिए, नारी को मनुष्य की लस्ट का आबजेक्ट मान कर व्यवहार किया जाए, तो यह हमारी संस्कृति के खिलाफ है। अगर ब्लू फिल्में दिखाने और अश्लील विज्ञापन देने वालों के खिलाफ एक्शन न लिया गया तो वह कानून प्रभावहीन हो जाएगा। अगर इन अपराधों को जन्म देने वाली सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न नहीं किया जाएगा, तो केवल इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोर्ड और एविडेंस एक्ट के कुछ सेक्शन्ज में संशोधन करने से हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। जो करोड़पति और अरबपति नारी छवि विकृत रूप में पेश करते हैं, अगर उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती तो छोटे लोगों के खिलाफ एक्शन लेने से ही हमें अधिक सफलता नहीं मिल सकेगी।

सूचना और प्रसारण मन्त्री, श्री भगत, को गंभीरता से सोचना चाहिए कि हमारी माताओं और बहनों को न केवल इस देश में, बल्कि अन्य देशों में, इस तरह गलत ढंग से पेश न किया जाए, भारतीय नारी के प्रति इससे बड़ा अनादर और कोई नहीं हो सकता। अमरीका और इंग्लैंड जैसे उन्नत देशों में ऐसा नहीं होता क्योंकि वहां पर कानून की पाबन्दियां हैं। हमारे यहां इस सम्बन्ध में कोई कानून नहीं है।

इसके अलावा अब वीडियो के द्वारा पाइरेट की हुई ब्लू फिल्में दिखाई जाती हैं। पुलिस उन लोगों के साथ मिली हुई है। इस प्रकार हमारे नवयुवकों के चरित्र को भ्रष्ट किया जा रहा है। राष्ट्र के चरित्र की रक्षा के लिए इस पर पाबन्दी लगानी चाहिए जैसा कि श्रीमती प्रमिला दंडवते ने कहा है, यह केवल महिलाओं का ही सवाल नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र के चरित्र का सवाल है।

पुलिस कमीशन ने कहा है कि हिन्दुस्तान में जुविनाइल आफेंडर्ज, बाल-अपराधियों की संख्या में दिन-प्रति-दिन वृद्धि होती जा रही है। तिहाड़ जेल में बाल-अपराधियों के साथ किस तरह यौन-कुकृत्य किए जाते हैं, यह बात सबको मालूम है। जेल को रिफार्म करने वाली और अपराधों को घटाने वाली संस्था होनी चाहिए, लेकिन, वह अपराधों को जन्म देता है अपराधों को बढ़ाता है, उन्हें प्रोत्साहन देता है। डिस्ट्रिक्ट जेल हो, सब-जेल हो या सेंट्रल जेल हो, वहां पर अपराधियों के गैंग बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जेल करप्शन और ईविल्ज के डेन बन गए हैं, अपराधों के डेन्स बन गए हैं। उनके खिलाफ भी इस तरह का ऐक्शन लेना समाज के लिए बहुत

[श्री राम सिंह यादव]

आवश्यक है। आज समाज के अन्दर जितने भी नारी-निकेतन बने हुए हैं या जितने भी आश्रम बने हुए हैं, जिस तरह से बच्चों के एडाप्शन के लिए दूसरे शेल्टर होम्स या करेक्टिव होम्स बना रहे हैं उन के अन्दर क्या होता है ? उनकी क्या स्थिति है, किस तरह से वहां अपराधों में बढ़ोतरी की जाती है जबकि उम्मीद यह की जाती थी कि वहां यूथ का सुधार होगा। आज हमारे समाज में जिस तरह से ये बुराइयाँ बढ़ रही हैं, हर क्षेत्र में, हर गाँव, हर शहर, हर कस्बे में उनके ऊपर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। उनके ऊपर नियंत्रण करके ही अपराधों को रोक सकते हैं। नेशनल पुलिस कमीशन ने अपनी आठवीं रिपोर्ट में कहा है कि हमारे जो नवजवान हैं, वह किधर जा रहे हैं, किस तरह से अपराधों में वृद्धि हो रही है यह अपने आप में एक गंभीर प्रश्न है। इस के पृष्ठ 17 पर यह लिखा है :

I quote from the Eighth report of the National Police Commission (Page 17) :

> "A marked feature is the increasing involvement in crime of the young people. A total number of 44,008 I.P.C. crimes were committed by young offenders (those up to 21 years of age) during 1977, recording an increase of 18.9% over 1976. They were responsible for 3.5% of the total I.P.C. crimes reported in 1977 as against 3.4% from 1978 to 1976. The volume of juvenile crime per lakh of population was 7.0 for 1977 as against 6.00 in 1976."

तो आज जो हमारे यूथ हैं या बालक हैं उन सभी में अपराधों की मनोवृत्ति जिस तरह बढ़ती जा रही है उस पर नियंत्रण करने का बहुत बड़ा दायित्व समाज पर है। मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि इसके लिए इसी कानून को नहीं और भी कानूनों को आप को देखना होगा। इसीके समानान्तर जो दूसरा एक्ट है—सप्रेशन आफ इम्मारल ट्रैफिक इन वीमेन ऐंड गर्ल्स ऐक्ट 1956, उसमें यदि कोई इस तरह से किसी अबला को प्रयोग में लाता है, प्रास्टीच्यूशन के लिए उसका इस्तेमाल करता है तो उसके लिए केवल दो या तीन साल की सजा प्रेस्क्राइब है जबकि इस ऐक्ट के 376 में आप टेन ईयर्स का या लाइफ इम्प्रिजनमेंट का प्रावधान कर रहे हैं। सप्रेशन आफ इम्मारल ट्रैफिक ऐक्ट में जो कि बिलकुल उस तरह का अपराध है बल्कि वहां पर तो अवेटिंग ज्यादा होता है आफेंस उस में एक साल या दो साल या केबल फाइन का प्रावधान किया हुआ है। फर्स्ट आफेंस के लिए तो केवल प्रोबेशन पर छोड़ने का प्रावधान किया हुआ है। तो माननीय गृह मन्त्री जी इस के समानान्तर जो दूसरे ऐक्ट हैं उन में भी ऐसा संशोधन लाएँगे ताकि सभाज में कोई प्रभावकारी असर हो और इन अपराधों को आप रोक सकें।

गृह मंत्री जी ने जो विधेयक पेश किया है उसमें भी एक भेदभावपूर्ण तरीका लिया है। यदि एक साधारण अभियुक्त रेप करता है तो उसको दस साल की सजा या आजीवन कारावास देने का प्रावधान किया है और कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान किया है जबकि कोई आफिसर रेप करता है तो उसको केवल पांच साल की सजा का प्रावधान किया है। इसी 376 सैक्शन में आप साधारण अपराधी के लिए तो आजीवन कारावास का प्रावधान करते हैं और जिस पुलिस आफिसर पर अधिक जिम्मेदारी है, जो गार्जियन है लॉ का और सोसाइटी का जिसके ऊपर आप विश्वास करते हैं, उसको आप पांच साल की सजा देना चाहते हैं और उसमें भी मिनिमम नहीं प्रेसक्राइब किया है। अगर सेशन कोर्ट उसको टिल दि राइजिंग आफ दि कोर्ट सजा देना चाहे तो वह भी उसके लिए

काफी है। तो क्या आप इन आफिसर्स को लाइसेंस दे रहे हैं रेप करने के लिए कि वह इस तरह का काम करें और मामूली फाइन देकर किसी की इज्जत लूटें ? इसलिए यह जो आपने 376-बी, सी और डी में कहा है :

"whoever, being a public servant or, takes undue advantage of his official position and seduces any woman, who is in his custody as such public servant or in the custody of a public servant subordinate to him, to have sexual intercourse with him, such sexual intercourse not amounting to the offence of rape, shall be punished with imprisonment of either description or a term which may extent to five years, and shall also be liable to fine."

SHRI VIRDHI CHANDER JAIN : It is 'not amounting to rape'.

SHRI RAM SINGH YADAV : This is also a misnomer. Not only that; suppose it is the in charge of the hospital or in charge of the remand home, and if rape is committed, he should be convicted.

Is it not case of rape ?

17.00 hrs.

MR. CHAIRMAN : The matter of coesent is relevant in this matter, because when there is no consent, it become an offence. But that is the offence which does not amount to rape.

SHRI RAM SINGH YADAV : In that case, that will come under section 354. And that section should be amended. But the Committee has said that this will not affect the provisions of section 354 because sections 354 and 376 are not identical. They are quite different. Theaefore, this amendment is not very purposeful and it will not achive the object with which it has been incorporated.

In the Criminal Procedure Code They have given the discretion to the Police officer which is very surprising. Section 228A(2) says :

"Nothing in sub-section (1) extends to any printing or publication of the name or any matter which may make known the identity of the victim if such printing or publication is—

(a) by or under the order in writing of the officer-in-charge of the police station or the police officer making the investigation into such offence acting in good faith for the purposes of such investigation."

सैक्सन 228 (ए) को आप देखेंगे तो आपको ताज्जुब होगा कि कोई भी पुलिस आफिसर किसी महिला को धमकी देकर कह सकता है कि हमें एक हजार रुपया दो नहीं तो तुम्हारा नाम इस अखबार में दे देंगे। इसका मतलब यही है कि आप विक्टिम का नाम पब्लिकेशन में देने का अधिकार एक पुलिस आफिसर को दे रहे हैं। अगर वह कहता है कि नाम देना जरूरी है तो वह दे सकता है। मैं समझता हूं किसी पुलिस आफिसर को यह पावर देना आपका उद्देश्य नहीं था और इस तरह की पावर एक इन्वेस्टिगेटिंग आफिसर को नहीं दी जानी चाहिए।

17.00 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair.*]

आप एक इंन्वेस्टिगेटिंग आफिसर को जो पावर दे रहे हैं वह किसी भी मुल्क में नहीं दी गई है। यहां पर आप उसको यह पावर देकर एक्सप्लायट करने का मौका दे रहे हैं। वे विक्टिम्स को एक्सप्लायट करेंगे। इसलिए चूंकि आपका जो उद्देश्य था उसके यह बिल्कुल विपरीत है, अतः इसको संशोधित किया जाना चाहिए।

इसके साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट और हाई-कोर्टस् को भी केवल एप्रूव्ड ला जर्नल्स में ही पब्लिकेशन का अधिकार रहना चाहिए, साधारण अखबारों में देने की कोई आवश्यकता

[श्री रामसिंह यादव]

नहीं है। एक तरफ आप सीक्रेसी मेनटेन करना चाहते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं कि हाईकोर्ट के जजमेन्ट अखबारों और मैगजीन्स में छप सकते हैं तो यह बात आपके उद्देश्य के विरुद्ध जाती है।

इसके साथ-साथ होम्स के जो इन्चार्ज बने हैं उसमें मान लीजिए किसी हास्पिटल का जो इन्चार्ज है उसके ऊपर कोई अपराध नहीं है लेकिन उससे मिलकर अपराध किया जाता है तो उसको भी दोषी माना जाना चाहिए। मेरा सुझाव है सेक्शन 376 (2) में आपने कहा है :

"(b) being a public servant, takes advantage of his official position and commits rape..."

I want that the following words should also be added with this :

"...or abets or connives in commission of offence..."

इन शब्दों को और जोड़कर इसको पूरा कीजिए, वरना इसमें आदमी खुद रेप न कर के दूसरे तरीके से रेप करवा सकता है। इसमें जो आपका परपज है, उसको रखने से यह अपने आप ही प्रभावहीन हो जाता है। जैसा कि इसमें दिया हुआ है—376 ए, बी, सी, डी में आपने इसको काग्निजिवल आफेंस माना है।

But no arrests shall be made without a warrant or without an order of a Magistrate.

यदि किसी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कोई केस है, तो वह पुलिस अधिकारी अपने ही खिलाफ वारन्ट क्यों जारी करेगा ? पुलिस अधिकारी अपने खिलाफ मजिस्ट्रेट से वारंट क्यों जारी करवाएगा ? आफेंस को काग्निजिवल बना दिया, लेकिन उनको गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप इस पर दोबारा सोचिए। जब आफेंस हुआ है, तो आदमी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा सकता है ? एक आदमी ने एक अबला की इज्जत लूटी है, जघन्य अपराध किया है और आपके पास सबूत भी हैं, फिर भी आप गिरफ्तार न करें और मजिस्ट्रेट के ऊपर डिपेंड करें या एस० एच० ओ० के ऊपर डिपेंड करें, यह अपने आपमें एक जघन्य अपराध है। इसमें भी अमेडमेंट करने की आवश्यकता है।

आपने कैमरा ट्रायल इसमें प्रिस्काइब किया है, लेकिन यह भी अपने आपमें दुधारू तलवार की तरह से है। इससे उसको नुकसान हो सकता है, उसको न्याय नहीं मिल सकता है। मान लीजिए—चैम्बर में एक जज है, वकील है और मुलजिम है और प्रोसिक्यूटरिक्स है और वहां पर उसकी इतनी हिम्मत नहीं होती है कि वह सब कुछ बयान कर सके। इसलिए प्रोसिक्यूटरिक्स के साथ रिलेशन्स हो जाने के लिए खुली छूट होनी चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके बारे में वह पहले सैशन जज को लिखकर दे। उसको यह कानूनी अधिकार मिलना चाहिए और अदालत से इजाजत लेने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। चाहे उसके साथ उसकी माता, पिता, बहन-भाई कोई भी जा सकता है। यदि आपने ऐसा नहीं किया तो आप जिस मंशा से यह बिल लेकर यहां आए हैं, उसको न्याय दिलाना चाहते हैं, वह पूरा नहीं होगा। इसलिए आपको इस पर दोबारा विचार करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय गृह मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने एक समाज सुधारक बिल पेश किया है और आशा है कि जो इसके समानान्तर विधेयक हैं, उनमें भी आप इस तरह के संशोधन करेंगे।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Pansukura) : Sir, This Bill can be truly called the product of mass movement—mass movement by women organisations aided and sympathised by very many from the opposite sex as well and its reverberations inside the Parliament consistently by women Members and supported by some others. I had the privilege of placing before the House the public petition on the Mathura case whereby this whole episode started in the Parliament. So, in any case, this can truly be called the product of a mass movement. There isa saying in English better late than never. So, I feel that this is a gain of the movement but a limited gain.

As far as the gains are concerned, this Bill has liberalised the provision and the definition relating to "consent" and has widened that. There was some difficulty with regard to proof or disproof of consent To Some extent, it has been modified in favour of making the consent question more favourable to women.

The second gain is that the duration of the sentence has been increased.

The third most important gain, in spite of the limitations, is that for the first time we have placed on the statute book, a category of offenders, those who are guilty of custodial rape or gang rape; in a situation when the onus or proof will lie on the accused, and not on the victim as per Sec. 1114.

These three principal gains, though limited, are important. I thank Shri Venkatasubbiah, who has all along been with us in the Joint Committee, for this. At the same time, I have to accuse him for not removing some of the other serious limitations.

This kind of Bills do not come before Parliament pretty often. This Bills has come up before Parliament after three long years of agitation. Somebody pointed out that most of the branches here are empty. I am ashamed to admit that most of the benches are empty. When we are considering such an important Bill, many more members should have been present It is true that it is not the law, but the social movement, which will decide the implementation of the law. But, all the same, the law has to be as fool-proof as possible.

Since it is only very rarely that we get an opportunity to discuss such a Bill, when we are discussing it, this would be the right time to consider all the relevent aspects and remove the defects and deficiencies. Because, we will not get an opportunity so soon again to re-open the issue. Yet, this was not done either here or in the Joint Committee.

As I mentioned earlier, one of the important gains is that in the case of custodial and gang rape, the onus and gang responsibility of proving the consent of the victim would be on the accused, but only very few categories have been included in this section 114-A

As has been mentioned by many Hon. Members, rape is committed by taking resort to many kinds of power, particularly economic power. Shrimati Dandavate quoted the erstwhile Chief Minister of Karnataka, who had stated that a rape is taking place every 15 hours. What is more serious is the fact, that he mentioned that a rape is taking place every 15 hours in Karnataka on Dalit women.

I am not saying that this is not taking place anywhere else. The point to remember is that it is often on dalit women. You will see that the largest number of victims of rape cases would be from amongst the poor, socially the weakest, especially the Scheduled Castes and Tribes. Suppose someone is working in the farm of a landlord and he has taken some money from the landlord. His wife has to pay compensation by being raped like that. Innumerable cases of rape are because of of economic domination all classes of women. That is one of the serious facets.

[Shrimati Geeta Mukherjee]

Question of custodial rape was taken. Not only people being in custoday, but wherever power is being misused to the advantage of the accused against the victim, all these categories should have been taken in this very Bill. I am saying so because I want that it should have embraced a broad section of the offenders. I strongly feel that Our Chairman of the Committee, always stood with us on this question. We tried our level best to keep 114A at least in tact, beccause there was a big attack on it to remove it. But the Committee has been kind enough, the Chairman was also very sympathetic to us, therefore, it has been included. The Committee agreed that this 'power rape' question should be there in the general recommendations. If the specific recommendions have taken three years to come before the Parliament, let us imagine when this general recommendation will come before Parliament. I am sure even if this Parliament goes up to its normal time, even then it will not come, do not know what will happen in the next Parliament.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBIAH) : General recommendations will be very seriously considered by the Government. The Hon. Member need not be apprehensive about the question.

MR. DEPUTY SPEAKER : She wants to know when will that come ?

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: I do not doubt the sincerity of Shri Venkatasubbiah on this point. We have taken three years in legislating this much. He would appreciate my apprehension. For this much how much pressure was there from various sides, police accusation, law and order problem, blackmailing, etc. etc. as if the whole womanhood was after it.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : The delay was not entirely because of Government's inaction. Government was very anxious. Because of several things which I have explained in my opening speech...

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: Taking these explanations into considerations it may be without your wish, but the fact remains that it has taken three years.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : That is right.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: Such like things are not easy to bring without counter pressure from the society. This was the occasion to take it lock stock and barrel. At least this part of it should have been full—'power rape' should have been taken in to it, and in that case this Sec. 114A would have been made immediately applicable.

This is my first anguish as far as limitation of the Bill is concerned, I do not know how but it must be done immediately.

The next question is about publication. Earlier there was a blanket ban. The present Bill has emerged from the Joint Committee is better in that respect. Some provision has been made. Even then we are not satisfied. We feel that the kind of things are such that publication will not make much difference.

It is because all the cases are not all the time published. Only those cases about which there are some agitations are really published. There should not therefore be any bar. That is why, only the name should be omitted and for the rest there should be freedom of publication. That is my very strong feeling. Otherwise, it will go against the movement which has produced the Bill.

I know, Sir, that you are looking at me. My time is also limited. Even then, I will seek your indulgence.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You talk much because you have also been in the Joint Select Committee. You know the problem in its entirety.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: I will not plague you with all the entirety business.

As I said, we are not still happy with what has happened to section regarding publication. I think it is a serious question and the Minister should reconsider and take up an amendent.

I now come to another thing. After the submission of the report of the Joint Committee, a very important judicial pronouncement has been made where our Supreme Court, for the first time, has made a categorical observation with regard to the question of onus of proof or credibility of a woman. With your permission, I will have to quote some paragraphs as reported in no less a paper than *Hindustan Times*. In this Bill, upto now, only in certain categories, the onus of proof will be on the accused and the court will presume it if the woman says that she did not consent. Other categories are left out from this clause. Now, here are the headlines appearing in the daily newspapers : "Four year-old strangled in rape attempt." I will not read the details. You see, how many such news come ? Just I was looking at the cuttings : 14 Adivasi girls raped in Yavatmal, Maharashtra. Within one month; there is another Cop Rape on Harijan women. Like that if you just go through, even today's press cutting, you will see such things. As far as knowing is concerned, here, everything I believe whichever party he may belong to, his heart definitely bleeds when he reads these things which are happening in the society. That is what, I presume, at least. That being the case, only a very limited section will have the benefit of clause 144A. What does the Supreme Court judgement say ? I quote : from The *Hindustan Times*, dated 25th May, 1983.

"The judgement was read out in the court by the vacation judge, Mr. Justice A. Varadarajan.

"The judges said they were of the opinion that "if the evidence of the victim does not suffer from any basic infirmit and the probabilities-factor does not render it unworthy of credence, as a general rule, there is no reason to insist on corroboration except from the medical evidence, where having regard to the circumstances of the case, medical evidence can be expected to be forthcoming."

"In the Indian setting, refusal to act on the testimony of a victim of sexual assault in the absence of corroboration as a rule, was adding insult to injury, the judges observed.

"Why should the evidence of the girl or the woman who comolained of rape or sexual molestation be viewed with the aid of spectacles fitted with lenses tinged with doubt, disbelief or suspicison ? The judges asked.

"To do so was to justify the charge of male chauvinism in a male dominated society, they observed."

Here is a categorical judgment, a refined judgment, apart from the literary merit of it, the judicial merit and, the human merit of it, is apparent to everybody. When I speak about human merit I have in my mind that many judicial questions were brought before us all the time despite human considerations. But here is the Supreme Court who should be the best judges under the circumstances Now, we have the best judicially to demand that Section 114A should not be applicable only in the cases of custodial rape or in a limited sense but that Section 114A should be applicable to every case of rape. That is what I demand. This was outside the purview of the Joint Committee But it after the Joint Committee that this verdict has come out. I would particularly request the Hon. Minister concerned who I know is personally simpathetic to think over it that here is an ally; let us make use of that and let us make use of the possibility that the Parliament is debating this law today and let us not make half-hearted attempts and

keep it half finished. I would like this to be included.

Before concluding, I would like to mention only one point. Nowadays in law, one of the most important parts is the criminal procedure. How actually the case will come and how it will be investigated and how the women will be treated, I do not have the time now to illustrate them all.

In the Law Commission's recomendation, there were very important observations for amending the Criminal Procedure Code so far as offences against women and children are concerned. I know the Hon. Minister has said that there had been directives. Despite directives, everyday these directives are being violated. That being the case, this should be statutoty, and should be legislated without delays. Once it is opened, this is the time to do so. The Committee in their wisdom have placed it in general recommendations. I am glad for that. But this should form always a part of this very Bill.

With these words, I welcome the gain and I feel sorry for the limitations and I hope that the limitations will be obliterated and it will be a gain and gain only. With these words, I naturally cannot oppose the Bill; I support it with limitations.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Limited support. Now Mr. A.T. Patil will speak.

SHRI A. T. PATIL (Kulaba) : The Bill, as reported by the Joint Select Committee, is the Bill introduced in this House by the Hon. Minister.

(Interruptions)

